हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–144 : जौनपुर, सोमवार 06 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

सीएम योगी ने किया मेट्रो टनल की खुदाई का शुभारंभ : एक दिन में 12 मीटर खोदेगी टीबीएम

आगरा ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगरा पहुंच गए हैं। खेरिया एयरपोर्ट पर आगरा के जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री आगरा किला के सामने रामलीला मैदान पहुंचे, यहां मेट्रो के टनल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। रविवार को उन्हें आना था, लेकिन ऐन वक्त पर गाजियाबाद में पार्टी कार्यक्रम में जाने के कारण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। गंगा, यमुना टीबीएम का किया शुभारंभ मुख्यमंत्री ने रामलीला मैदान में लॉन्चिंग शाफ्ट पहुंचकर रिंग सेगमेंट पर हस्ताक्षर किया। इसके बाद पूजा–अर्चना कर बटन दबाकर टनल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। आगरा में टनल बोरिंग मशीनों (टीबीएम) को गंगा और यमुना का नाम दिया गया है, जबकि कानपुर में इनका नाम तात्या और नाना था। हर दिन 10–12 मीटर तक टनल तैयार की जाएगी। यूपी मेट्रो कारपोरेशन की ओर से आगरा मेट्रो के भूमिगत भाग में अप एवं डाउन ट्रैक के लिए दो समानांतर सुरंगों का निर्माण किया जाना है। ये बोले मुख्यमंत्री इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश मेट्रो कॉरपोरेशन पर्यावरण के सभी मानकों का पालन करते हुए समय से छह माह पूर्व पूर्वी कॉरिडोर के कार्य को संपन्न करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा है। आज यहां पर गंगा और यमुना दो अंडरग्राउंड टनल निर्माण के कार्य का शुभारंभ हुआ है। मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश में हम पहले से ही लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और कानपुर में मेट्रो सेवाओं का संचालन कर रहे हैं। आगरा में विकास और रोजगार के बेहतर सृजन के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट के अत्याधुनिक साधन की यहां के जनप्रतिनिधिगण लंबे समय से मांग करते रहे हैं। हमारा प्रयास है कि दिसंबर 2023 तक हम लोग कोरिडोर के कार्य जो लगभग 6 किलोमीटर है, इसे पूरा करने में सफल होंगे। इसके लिए दो कोरिडोर पहले विकसित करने के लिए स्वीकृति दी गई है, जो 29 किलोमीटर 400 मीटर लंबा है। कोरिडोर के कार्य पर युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। सुरक्षा के सभी मांगों को पूरा किया जा रहा है और आज यहां पर पुनर्निर्माण के कार्यक्रम का भी हमने शुभारंभ किया है। किले से ताज के बीच चलेगी टीबीएम टनल बोरिंग मशीन को सोमवार को रामलीला मैदान से लांन्च किया गया। यहां से ताजमहल तक टनल बनाई जाएगी। शाहजहां गार्डन में मिड शाफ्ट बनाई गई है, ताकि किसी भी आपातकाल की स्थिति में बीच में ही टीबीएम को आसानी से निकाला जा सके। पुरानी मंडी चौराहे के पास 'रिट्रीवल शाफ्ट' होगी, जहां से

टीबीएम को निकाला जाएगा। दूसरी टीबीएम आरबीएस कॉलेज मेट्रो स्टेशन से नीचे उतारी जाएगी और जामा मस्जिद स्टेशन के पास निकाली जाएगी। अभी प्राथमिकता कॉरिडोर में टीबीएम गंगा–यमुना जामा मस्जिद से ताजमहल की दिशा में टनल का निर्माण करेंगी। यहां ताजमहल, आगरा किला एवं जामा मस्जिद भूमिगत मेट्रो स्टेशन होंगे। ऐसे होगा मेट्रो टनल का निर्माण टनल निर्माण में सबसे पहले टीबीएम को क्रेन की मदद से लॉन्चिंग शाफ्ट में उतार कर उन्हें जोड़ा जाता है। टीबीएम के पिछले हिस्से में स्थित सेगमेंट इरेक्टर की मदद से कास्टिंग यार्ड में प्रीकास्ट तकनीक से निर्मित टनल रिंग सेगमेंट्स को लगाया जाता है। एक टीबीएम दिन में औसतन 10 मीटर टनल का निर्माण करती है। मशीन में सबसे आगे कटिंग हेड होता है, जिसकी मदद टीबीएम मिट्टी को काटते हुए सुरंग की खुदाई करती है। कटिंग हेड में एक विशेष किस्म के केमिकल का छिड़काव करते हैं, जिससे मिट्टी कटर पर नहीं चिपकती और कनवेयर बेल्ट की मदद से मशीन के पिछले हिस्से में चली जाती है, जहां से ट्रॉली के जरिए मिट्टी को टनल से बाहर लाया जाता है। रेल के जरिए आगे बढ़ती है टीबीएम यूपी मेट्रो के पीआरओ पंचानन मिश्रा ने बताया कि टनल बोरिंग मशीन रेल के जरिए आगे बढ़ती है। इसके पिछले हिस्से में प्रीकास्ट रिंग सेगमेंट को लॉन्च करने की व्यवस्था भी होती है। टनल निर्माण के दौरान रिंग सेगमेंट लगाने के बाद टीबीएम से ही रिंग सेगमेंट एवं मिट्टी के बीच में सॉल्यूशन भर दिया जाता है, जो कि रिंग सेगमेंट्स और मिट्टी के बीच मजबूत जोड़ बनाकर टनल को मजबूती देता है। टीबीएम के मिड शील्ड में लगे थ्रस्टर्स मशीन को आगे बढ़ने में मदद करते हैं। 7 भूमिगत स्टेशन बनेंगे टनल बोरिंग मशीन गंगा और यमुना के जरिए 7 भूमिगत स्टेशन और भूमिगत टनल बनाई जाएंगी। आगरा मेट्रो में 29.4 किमी लंबे दो कॉरिडोर का नेटवर्क बनना है, जिसमें 27 स्टेशन होंगे। ताज ईस्ट गेट से सिकंदरा के बीच 14 किमी लंबे पहले कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है. इस कॉरिडोर में 13 स्टेशनों का निर्माण होगा। जिसमें 6 एलिवेटेड जबकि 7 भूमिगत स्टेशन होंगे।

सवारी बन ऑटो में बैठे बदमाशो ने ड्राइवर को चाकू मार किया घायल : मोबाइल छीनकर हुए फरार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गजना गांव के पास रविवार की रात हुई एक घटना में बदमाशों ने पहले तो ऑटो चालक से कहीं जाने के लिए ऑटो तय किया और फिर सुनसान जगह देखकर लूट की नीयत से उसे चाकू दिखाकर आतंकित करने लगे जब ऑटो चालक ने थोड़ी हिम्मत दिखाई तो घबराए बदमाश उसे चाकू मारकर मोबाइल छीनकर फरार हो गए। आश्चर्य की बात यह है कि रविवार की रात हुई इस घटना की भनक गौराबादशाहपुर थाने की पुलिस को सोमवार दोपहर तक भी नहीं थी। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के विशेसरपुर निवासी मुन्ना 35 पुत्र स्वर्गीय प्यारे लाल अपनी रिश्तेदारी मुफ्तीगंज अपने ऑटो से गया था, जहां से वह रात को वापस लौट रहा था। रात लगभग 8 बजे धर्मापुर बाजार के पास 4 अज्ञात लोगों ने हाथ देकर इसके ऑटो को रोका तथा बोले कि हम लोगों को गजना जरूरी कार्य से जाना है, वहां तक छोड़ दीजिए। जो भी भाड़ा होगा ले लीजिएगा। जब ऑटो में ऑटो चालक मुन्ना चारों बदमाशों को बैठाकर गजना पहुंचा तो सुनसान जगह देखकर बदमाशों ने ऑटो चालक को रोक लिया तथा उसका मोबाइल और जेब से पैसे छीनने लगे। जब ऑटो चालक मुन्ना ने थोड़ी हिम्मत दिखाई तो उन्हीं में से किसी एक बदमाश ने उस पर चाकू से

वार कर दिया जो उसके पेट के किनारे जाकर लगा। बदमाश मोबाइल छीन कर मौके से फरार हो गए। ऑटो चालक द्वारा शोर मचाने पर आसपास के जुटे लोगों से फोन मांग कर घायल ने अपने घर पर सूचना दी। घर वालों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। वही स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश दिखा की ऐसी घटना घटने के बाद भी थाने का एक भी पुलिस कर्मी मौके पर नही दिखा। इस मामले में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक गौराबादशाहपुर देवानंद रजक ने बताया कि फिलहाल ना तो इस तरह के किसी घटना की उन्हें जानकारी है और ना ही अभी तक कोई तहरीर पड़ी हुई है। यदि तहरीर मिलती है तो प्रकरण की जांच पड़ताल की जाएगी।

तीन दिन में आईं 152 शिकायतें : नगर पालिका परिषद की सबसे ज्यादा कंपलेंट

आगरा ब्यूरो : हैलो सर, हमारी गली में पानी की पाइप लाइन टूटी हुई है। गली में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। इस तरह की शिकायतें इन दिनों हाथरस के कलेक्ट्रेट में बने कंट्रोल रूम हेल्प लाइन आ रही हैं। महज तीन दिन में 152 लोगों ने अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराई हैं। समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए किए गए हैं। हाथरस नगर पालिका परिषद की सबसे ज्यादा शिकायतें हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त हो रही हैं। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की संख्या में कमी लाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम में जलभराव, गंदगी सहित सामान्य जन समस्याओं के निस्तारण के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया। हेल्पलाइन नंबर के जारी होते ही महज तीन दिनों में 152 शिकायतें दर्ज हुई हैं। शिकायतों की संख्या को देखकर खुद अधिकारी भी हैरान हैं। शिकायत प्राप्त होने के बाद कंट्रोल रूम से संबंधित अधिकारी को शिकायत फारवर्ड कर दी जाती है। इसके बाद इस शिकायत के निस्तारण की आख्या मिलने पर शिकायतकर्ता से फीडबैक लिया जाता है। वहीं दूसरी ओर से पीएम किसान सम्मान निधि की शिकायतें भी अन्य हेल्पलाइन नंबरों पर लगातार आ रहीं हैं। गड्ढे में फंसा टेंपो शहर के कई इलाकों में अमृत योजना के तहत डाली गई पाइप लाइनों में लीकेज से गहरे–गहरे गड्ढे हो गए हैं। यह पाइप लाइन की टूट गई हैं। स्थानीय श्यामकुंज में इसी तरह एक गड्ढे में सोमवार को एक टेंपो फंस गया। इस टेंपो को जैसे–तैसे धक्का मारकर वहां से निकाला गया।

पुलिस अधीक्षक ने सुनी लोगो की फरियाद आफिस व बैंक का किया निरक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आये पीड़ितों/फरियादियों की जनसुनवाई करते हुये उनकी समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना गया व त्वरित/गुणवत्तापूर्ण/समयबद्ध तरीके से निस्ताण हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया।तदुपरांत पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया गया व सभी अधिकारी / कर्मचारीगण को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये। अपराध नियंत्रण/शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन मे सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी नगर व प्र0नि0 लाइनबाजार के साथ थाना लाइबाजार क्षेत्र में किया गया पैदल गस्त। द्वारा सुरक्षा के

दृष्टिगत थाना लाइनबाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान बैंक में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरो, अलार्म, आगंतुक रजिस्टर व अन्य उपकरण को भी चेक किया गया तथा सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी व बैंक प्रबंधक को आवश्यक आदेश– निर्देश दिए गए।

रोजगार मेला के माध्यम से 09 का चयन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रोजगार मेला का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर (निकट नारायण नर्सिंग होम रासमण्डल होटल रिवर ब्यू के सामने) जौनपुर में किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की 05 कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यतानुसार प्रतिभागियों की कुल संख्या 116 थी, उक्त कम्पनियों के द्वारा साक्षात्कार उपरांत अभ्यर्थियों का शार्टलिस्टेट चयनितों की संख्या–09 रही। जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी शशिकांत सरोज ने बताया कि बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार प्रदान किये जाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय के द्वारा रोजगार मेला' का आयोजन निःशुल्क किया जा रहा है। रोजगार मेला प्रभारी शिवकुमार यादव, जीशान अली, रामसिंह मौर्य, हसन फात्मा, आनन्द भूषण त्रिपाठी, अजय कुमार, चन्द्रशेखर प्रताप आदि उपस्थित रहें।

आगे बढ़ने के लिए बच्चे पढ़ाई पर दें ध्यान –प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा चलाई जा रही निशुल्क प्रेरणा कोचिंग का सोमवार को देवकली गांव में स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। बच्चों ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विश्वविद्यालय के कुलपति और अधिकारियों को अपने बीच पाकर बच्चे और गांव वाले काफी प्रफुल्लित थे। इस अवसर पर गणित विभाग के विभागाध्यक्ष और प्रेरणा कोचिंग के समन्वयक डॉ राजकुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रेरणा कोचिंग की प्रगति आख्या प्रस्तुत की और कोचिंग के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो डी. डी. दुबे ने कहा कि विश्वविद्यालय के लोगों ने अपनी प्रतिभा की साझेदारी गरीब बच्चों में करके बड़ा ही नेक कार्य किया है। प्रेरणा कोचिंग के छोटे बच्चे देश के भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि प्रेरणा कोचिंग के शिक्षकों की लगनशीलता और सतत रूप परिश्रम से निश्चित रूप से अच्छे नागरिक का निर्माण होगा। बतौर अध्यक्ष विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि जीवन में मां से बड़ा कोई नहीं होता इसलिए सबसे पहले मां की बात को माननी चाहिए। मां को भी बच्चों को पढ़ाई की ओर ध्यान केंद्रित कराना चाहिए। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई की ओर मन केंद्रित करने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि बच्चे समय का उपयोग कर अपना सभी समय पढ़ाई में लगाएं ताकि वह परिवार, समाज और देश के काम आ सके। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि मनुष्य में बचपन की सीख और संस्कार अंतिम तक रहते हैं, इसलिए अच्छी सीख और संस्कार को अपने जीवन में उतारें ताकि समाज और देश के निर्माण में अच्छे ढंग से भागीदारी कर सकें। स्थापना दिवस

पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि शिक्षा का मतलब विद्यार्थियों को सभ्य और सुसंस्कृत नागरिक बनाना है। प्रेरणा कोचिंग इस क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है । इंजीनियरिंग संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो.बीबी तिवारी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। संचालन कौशलेंद्र कुमार और धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनीष कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को कुलपति, कुलसचिव और वित्त अधिकारी ने मेडल पहना कर सम्मानित किया। समारोह में अंजलि यादव, शिवानी यादव, अंशिका की प्रस्तुति को कुलपति ने सराहा। इस अवसर पर प्रो.अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. रवि प्रकाश, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डॉ मनीष कुमार गुप्ता, डा. प्रेमचंद यादव, डॉ सुनील कुमार, डा. सुधीर कुमार उपाध्याय, सुरेंद्र कुमार सिंह, डा. इंद्रेश कुमार, मैलेश कुमार, अमरजीत कुमार, अभिषेक तिवारी, अमर सिंह, सैय्यद अजमत हुसैन आदि उपस्थित थे।

पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

सड़क दुर्घटना में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा की मौत

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : हलियापुर कुडवार मार्ग पर ढेविया मोड के पास ट्रेक्टर व मोटर साइकिल की भिडन्त में बाइक स्वार बीए की छात्रा की मौत बाइक चालक मृतका के चाचा सन्तोष कुमार की हालत गम्भीर जिला अस्पताल में चल रहा इलाज चिकित्सको ने बताया हालत गम्भीर। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बडनपुर के पूरे धरनीधर के निवासी अनिल कुमार की पुत्री सिम्मी 20 वर्ष बाइक से चाचा सन्तोष कुमार के साथ धर्मादेवी पीजी कालेज कुडवार जा रही थी रास्ते में हलियापुर कुडवार मार्ग पर भगौती नगर ढेविया भोड के पास पहुंची ही थी की बाइक टैम्टर की चपेट में आया जोर दार टक्कर लगने से वाइक पर स्वार बीए की छात्रा सिम्मी व बाइक चालक उनके चाचा गम्भीर रूप से घायल होगया । और ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया । दोनों घायलों को राहगीरों के सहयोग से सीएचसी कुड़वार पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने छात्रा सिम्मी को मृतक घोषित कर दिया और मृतका के चाचा की हालत गंभीर देखते हुए संतोष कुमार को जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया ।जहां उनका इलाज चल रहा है । घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है छात्रा सिम्मी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की अधिकारी कार्यवाही चल रही है चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ओझा ने बताया कि गंभीर रूप से घायल संतोष का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

स्वामी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को " हिन्दू रत्न " से सम्मानित करेगी हिन्दू महासभा

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के पर्यायवाची बन चुके बागेश्वर धाम के युवा संत पूज्य स्वामी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को हिन्दू समाज के सर्वोच्च सम्मान " हिन्दू रत्न सम्मान " से सम्मानित करने की घोषणा की है। यह जानकारी हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने दी ।हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने आज जारी बयान में बताया कि आज नई दिल्ली में

हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नितिन उपाध्याय , केशव चौहान , प्रोफेसर यशपाल सिंह , राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री बॉबी वर्मा , राष्ट्रीय मंत्री दीपक कनोजिया , धर्मवीर आनंद , रजनी सक्सेना , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चन्द्र शेखर भट्ट , राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों से विचार विमर्श करने के बाद स्वामी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को हिन्दू रत्न सम्मान देने का निर्णय घोषित किया । अधिवक्ता मिश्र के अनुसार हिन्दू रत्न सम्मान के अंतर्गत स्वामी धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को प्रतीक चिन्ह , प्रमाण पत्र और शॉल देकर उनका सम्मान किया जाएगा। यह सम्मान उन्हे उनके बागेश्वर धाम आश्रम में प्रदान किया जाएगा । बी एन तिवारी ने कहा कि हालांकि स्वामी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री किसी समान के मोहताज नहीं हैं , किंतु यह सम्मान देश के हिंदू समाज द्वारा उनके नेतृत्व में एकजुटता का प्रदर्शन करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा ।हिन्दू महासभा मध्य प्रदेश अध्यक्ष अंकित भटनागर ने स्वामी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को हिन्दू रत्न सम्मान देने के निर्णय पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी का आभार प्रकट करते हुए इसे सही समय पर लिया गया सही निर्णय बताया ।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अगर चाहते हो कि खुदा मिले, तो वही करो जिससे 'दुआ' मिले।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

कृषि वैज्ञानिकों की राय में श्री अन्न योजना कैसे चढ़े परवान

सुप्रसिद्ध इतिहासकार युवाल नोवा हरारी ने चेतावनी दी है कि आने वाले समय में लोग भुखमरी के बजाय मोटापा की वजह से ज्यादा रोगग्रस्त और मौत के शिकार होंगे। भारत में सदियों से पैदा होने वाले मोटे अनाज मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और पाचन तंत्र को दुरुस्त करने में मददगार रहे हैं। ये मोटे अनाज आमतौर पर कार्बोहाइड्रेट से मुक्त और प्रोटीन–कैल्शियम जैसे शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्वों से समृद्ध होते है।

संयुक्त राष्ट्र ने लिया ये निर्णय

संयुक्त राष्ट्र ने भारत सरकार की पहल पर वर्ष 2023 को 'मोटे अनाज' वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय कर मोटापा, मधुमेह और हृदय रोगियों के लिए आहार–विहार में बदलाव के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता पैदा करने की सराहनीय पेशकश की है। भारत सरकार के हालिया बजट में भी 'श्री अन्न योजना' की शरुआत उस दिशा में अगला कदम है। इस साल भारत सरकार की अगुवाई में ग्रुप 20 देशों के कई सम्मेलन देश के कई शहरों में होने हैं। ग्रुप 20 के सम्मेलनों में आने वाले विदेशी मेहमानों की मेहमाननवाजी में मोटे अनाजों से बने व्यंजनों के परोसने की तैयारी मोटे अनाजों के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'ब्रांडिंग' में भी सहायक होगा।

कोदो, सांवा, रागी, जवार–बाजरा, मडुआ, कुटकी, चीना और रामदाना जैसे मोटे अनाजों के उत्पादन और खपत बढ़ाने के लिए सबसे जरूरी है कि इन अनाजों के प्राकृतिक पोषण तत्वों से भरपूर फायदे के प्रति जागरूकता पैदा करना।

बिहार पूसा इंस्टीट्यूट में जेनेटिक एंड प्लांट ब्रीडिंग की हेड प्रोफेसर श्वेता मिश्रा बताती हैं कि देश में हरित क्रांति के बाद पीढ़ी दर पीढ़ी से चली आ रही 'फूड हैबिट' में परिवर्तन लिए जागरूकता पैदा करना पहली जरूरत है। ठीक वैसे ही जैसे भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों में योग के प्रति जागरूकता पैदा की।

पोषक तत्वों की जरूरत

नतीजतन अब संयुक्त राष्ट्र संघ की पहल पर 21 जून को हर साल पूरी दुनिया में योग के कार्यक्रम होते हैं। आज भारत समेत दुनिया के अधिकांश देशों में चावल और गेहूं से बना भोज्य पदार्थ ही हमारे दैनिक आहार का हिस्सा है। आलम यह है कि आहार–व्यवहार में आए इन परिवर्तनों की वजह से गरीब से लेकर अमीर की थाली से प्राकृतिक पोषक तत्वों से युक्त भोज्य पदार्थ गायब होते जा रहे हैं।

इसके बजाय मोटापा को बढ़ाने वाले कार्बोहाइड्रेट से युक्त भोजन हमारे दैनिक आहार का हिस्सा हो गए हैं। इसमें चोकर रहित आटा और 'पॉलिशड राइस' खासतौर से शामिल है।आज बड़े–बड़े मॉल में बिकने वाला 'फोर्टिफाइड आटा' जिसमें बाहर से जिंक और आयरन मिलाया जाता है, उतना फायदेमंद नहीं होता।

क्या कहती हैं प्रोफेसर श्वेता मिश्रा?

प्रोफेसर श्वेता मिश्रा बताती है कि रागी जैसे मोटे अनाज में 340 पी पी एम के करीब कैल्शियम पाया जाता है। अगर रागी से बने भोज्य पदार्थ को अपने आहार में शामिल करें तो बुढ़ापे में कैल्शियम की कमी से पैर और कमर में होने वाले दर्द से मुक्ति मिल सकती है।

सांवा और चीना में खासकर महिलाओं के खून में आयरन की कमी को दूर करने वाले कई पोषक तत्व होते हैं। चीना में प्रोटीन, जिंक और मैग्नीशियम की कमी को दूर करने वाले तत्व पाए जाते हैं। इन मोटे अनाजों में अमूमन 12: के करीब प्राकृतिक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिनका सेवन शरीर में रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने और मोटापा दूर करने के कुदरती गुणों के कारण खासे फायदेमंद होते हैं।

प्रोफेसर श्वेता मिश्रा का सुझाव है कि हर आदमी को कम से कम 15: तक मोटे अनाज को अपने दैनिक आहार में शामिल करने से मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और पाचनतंत्र को दुरुस्त करने में काफी हद तक सहायता मिल सकती है। एक खास बात यह भी है कि ये मोटे अनाज 'ग्लूटेन फ्री' और 'सिलियाक डिजीज' मतलब पेट की बीमारी को दूर करने में भी मददगार साबित होते हैं। 'ग्लूटेन फ्री' होने की वजह से ये अनाज दुनिया में किसी महामारी की तरह तेजी से फैल रहे मोटापे को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रोफेसर श्वेता मिश्रा बताती हैं कि दूसरी जरूरत है इन मोटे अनाजों को दैनिक आहार का हिस्सा बनाने के लिए 'वैल्यू एडिशन' की। आज की युवा पीढ़ी में 'जंक फूड' खाने का रिवाज तेजी से बढ़ता जा रहा है। डिब्बा बन्द और फ्रीज में रखे भोजन उनके दैनिक आहार में शामिल हैं।

पिज्जा, बर्गर और पाश्ता इस पीढ़ी के नौजवानों का पसंदीदा भोजन है। जाहिर है कि वे ज्वार और बाजरा की रोटी के बजाय पिज्जा, बर्गर, पाश्ता और चाउमीन को ज्यादा स्वास्थ्यकर भोजन मानते हैं। इसलिए उनके 'फूड हैबिट' में बिना किसी छेड़छाड़ के इन भोज्य पदार्थों को मैदा, सूजी के बजाय मोटे अनाजों से तैयार करने की विधि विकसित करने की जरूरत है।

प्रोफेसर श्वेता मिश्रा का यह भी सुझाव है कि इन मोटे अनाजों की पैदावार और खपत वाले इलाके की पहचान के साथ–साथ परम्परागत तकनीक से हटकर नई तकनीक का ईजाद करना भी उतना ही जरूरी है। हरित क्रांति के पहले भारत में इन मोटे अनाजों की पैदावार 20: के करीब थी, जो अब घटकर 6: ही रह गई है। इसलिए भारत को मोटे अनाजों का 'हब' बनाने के लिए जरूरी है कि उन इलाकों की पहचान की जाए और उसे उत्तर प्रदेश की तरह 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' की तरह विकसित करने की योजना तैयार कीजाए।

क्या हैं चुनौतियां?

मसलन उड़ीसा, तेलंगाना, झारखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और गुजरात के आदिवासी बहुल वे इलाकों में जहां बरसात कम होती हैं। इन अनाजों की पैदावार के लिए सर्वथा उपयुक्त हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के गंगा, घाघरा और गंडक के इलाके में आज भी इन अनाजो की अच्छी पैदावार होती है। पर पैदावार के बाद इन अनाजों के 'प्रॉसेसिंग' की समस्या भी कम विकट नहीं है। गांवों में अब ओखल, मूसल, जाता और ढेंकी चलाने वाली औरतें लगभग नहीं के बराबर है। इसके बिना आज देशज तकनीक से इन अनाजों से अन्न निकालने में खासी मुश्किलें होंगी।

मसलन सांवा और कोदो जैसे अनाजों में अन्न के ऊपर 'सात लेयर' होती हैं। ऐसे में जब जाता और ढेंकी गांवों से गायब है। फिर किसान इन अनाजों के उत्पादन के प्रति उदासीन भी हो सकते हैं। प्रोफेसर श्वेता मिश्रा बताती हैं कि हाल ही में पूसा इंस्टीट्यूट ने इन इन मोटे और छोटे अनाजों के छिलके हटाने के लिए एक यूनिट तैयार की है। अब इसका पेटेंट भी हो चुका है। उम्मीद है कि यह यूनिट 'कॉस्ट इफेक्टिव' भी होगी और शीघ्र ही बाजार में उपलब्ध हो जाएगी।

क्या उठाने चाहिए सरकार को कदम?

सरकार को किसानों के सुरक्षा कवच के रूप में और इन अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भी न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारन्टी भी सुनिश्चित करना चाहिए। बताते चलें कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत सरकार 22 तरह के अनाजों का समर्थन मूल्य घोषित करती है और महज 6% अनाजों की सरकारी खरीद ही सम्भव हो पाती है।

इसके अलावा इन अनाजों की खपत बढ़ाने के लिए गरीब कल्याण योजना के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए दिए जाने वाले अनाजों में भी शामिल करना होगा। आंगनबाड़ी केंद्रों से वितरित होने वाले पौष्टिक अनाजों में भी इसे शामिल किया जा सकता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

जनरल सलूट मेंटर्स का एक और सितारा चमका

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बहुत ही कम समय में कामयाबी को अपना लक्ष्य बनाये हुए जनरल सलूट मेंटर्स तीव्र गति से अग्रसर है। इसी संस्थान द्वारा प्रशिक्षित मास्टर श्रेय शर्मा ने एसएसबी परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया है। श्रेय ने तकरीबन तीन माह जनरल सलूट मेंटर्स के साथ ट्रेनिंग की और बहुत ही अच्छा स्टैण्डर्ड हासिल किया। जनरल सलूट मेंटर्स अकादमी में सिर्फ आर्मी ऑफिसर्स है जो कि सेना में अफसर बनने के इच्छुक उम्मीदवारों को स्वयं ही प्रशिक्षण देते है। इस अकादमी का उद्देश्य कैंडिडेट्स को लिखित परीक्षा के साथ ही एस एस बी परीक्षा के लिए भी तैयार करना है। यही इस अकादमी के ट्रेंड कैंडिडेट्स की सफलता का राज है। पिछले चार हफ्तों के समय की यह तीसरी सफलता है। हालाँकि, एस एस बी परीक्षा की स्क्रीन इन मे इस अकादमी का रिजल्ट काबिले तारीफ है। अभी तक के प्रशिक्षित 59 कैंडिडेट्स मे से 32 स्क्रीन इन हुए है जो की तकरीबन

53: है जो कि अपने आप मे एक रिकॉर्ड है। यह नतीजे इस अकादमी के उच्च श्रेणी की ट्रेनिंग और यहाँ पर सीनियर सैन्य अधिकारियों की लगन और परिश्रम को दर्शाता है। आने वाले समय मे यह संस्था सेना मे जाने के इच्छुक अभ्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगी।

जनता की कमाई मोदी ने अदानी पर लुटाई –आशीष सिंह

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी एवं प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे के निर्देश पर आज कांग्रेस ने अडानी के खिलाफ प्रदर्शन किया। अडानी की कम्पनियों में भारतीय जीवन बीमा निगम एवं भारतीय स्टेट बैंक का पैसा बिना ग्राहकों की स्वीकृति के लगाए जाने के विरोध में हरदोई कांग्रेस कार्यालय से भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के सामने विरोध दर्ज कराते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम आफिस तक विरोध मार्च निकालकर कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने किया। जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि जनता को गाढ़ी कमाई मोदी जी ने अडानी से दोस्ती निर्भान में लुटाई है।सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एवं संयुक्त संसदीय समिति द्वारा हिंडनबर्ग की रिपोर्ट की निष्पक्ष जांच के साथ ही सदन में एलआईसी एवं एसबीआई व अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों के पैसे को जबरन बिना ग्राहकों, व शेयरधारकों की सहमति केअडानी की कम्पनियों में निवेश किये जाने के विषय पर चर्चा करे मोदी सरकार।एलआईसी और एसबीआई जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हमारे देश के गौरव हैं और करोड़ों भारतीयों की गाढ़ी कमाई से बने हैं। शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी ने कहा कि मोदी जी ने अपने सबसे प्रिय पूंजीपति मित्र अडानी की कम्पनी में एलआईसी के 40 करोड़ ग्राहकों व निवेशकों का 33 हजार करोड़ रुपये निवेश नुकसान में है।वहीं स्टेट बैंक व अन्य भारतीय बैंकों का 80 हजार करोड़ रुपये अडानी समूह की कर्ज देने में लुटा दिया गया। जिला महासचिव शशिबाला वर्मा ने कहा कि

मोदी सरकार को निवेशकों के पैसों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।आम आदमी और गरीब मजदूर कर्मचारी अपने बड़े सपनों को पूरा करने के लिए छोटा छोटा निवेश इन सार्वजनिक उपक्रमों में निवेश करता है जिसे मोदी जी के पूंजीपति मित्र लेकर भाग जाते हैं या डुबो देते हैं। इस अवसर जिला उपाध्यक्ष साधू सिंह, जिला उपाध्यक्ष नेतम भारतीय, ब्लॉक अध्यक्ष पिहानी अकील खान उपाध्यक्ष रूबी , ब्लॉक अध्यक्ष अहिरोरी शैलेन्द्र वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष कछौना सन्तराम वर्मा, बावन ब्लॉक अध्यक्ष कमल सिंह, पीसीसी सदस्य सुनील शर्मा,जिला सचिव सत्यपाल वर्मा, शहर महासचिव शिव कुमार राठोर, शहर सचिव सर्वेश कुशवाहा, जिला महासचिव अरविंद शुक्ला,निजामपुर न्याय पंचायत अध्यक्ष यूसुफ, कुरसेली न्याय पंचायत अध्यक्ष नन्दकिशोर, महफूज, मोरध्वज, नवनीत कुमार, सर्वेश सिंह, मदनपाल, बृजेश कुमार, अजयपाल, अलखराम, मुनेश्वर यादव, अनुज वर्मा, रतीराम,दिलीप कुमार कश्यप, विजयपाल, सुरेश चंद्र, सालिकराम, मो सारिक सिमौर, विदुरपाल, सतीश सिंह, जानकी प्रसाद आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रधान प्रतिनिधि पर आवास के नाम पर दस हजार घूस लेने का आरोप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर विकास खंड के सुतौली गांव निवासी महिला ने सोमवार को मुख्यमंत्री पोर्टल, जिलाधिकारी, सीडीओ और पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसे पीएम आवास मिला है। जिसकी पहली किस्त उसके खाते में भेजा गया है।गांव के महिला प्रधान के पति ने मिनी बैंक संचालक को उसके घर ले जाकर धोखे से अंगूठा लगवाकर खाते से दस हजार रूपया निकाल लिए। मामले की जानकारी पीड़िता के पति को होने पर जब पूछताछ करने प्रधान के घर गया तो, उसका आरोप है कि उसे मुंह खोलने पर आवास निरस्त करा देने की धमकी दी गई। स्थानीय थाना क्षेत्र के उक्त गांव निवासी केशा देवी पत्नी सुरेश निषाद पीएम आवास की लाभार्थी हैं। हाल ही में उनके खाते में आवास निर्माण की पहली किस्त आयी थी। आरोप है कि प्रधान प्रतिनिधि के द्वारा उच्चाधिकारियों को देने के नाम पर दस हजार रुपए मांगा जा रहा था। न देने पर आवास निरस्त करा देने की धमकी दी जा रही थी। आरोप यह भी है कि गत शनिवार को वे अपने साथ एक मिनी बैंक संचालक को लेकर आये। उस समय उसका पति घर पर नहीं था।खाते की जांच के नाम पर बायोमेट्रिक मशीन में अंगूठा लगवा लिए। शाम को सुरेश घर आया तो मोबाइल में दस हजार डेविड का मैसेज देख पत्नी से पूछने लगा। मामला समझ आने के बाद पीड़िता ने उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

महिला से पर्स और मोबाइल छीना : लोगों ने दौड़ाया तो पर्स मोबाइल फेक कर भागे बदमाश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के कबूलपुर धरिकार बस्ती के पास समहिला से बदमाश पर्स और मोबाइल छीन लिए।हालांकि उसके द्वारा शोर मचाने पर कुछ लोगों ने बदमाशों को।दौड़ाया।बदमाश पर्स तथा मोबाइल फेंक कर भाग निकले। बीरभानपुर गांव निवासी किरन देवी पत्नी पंकज यादव की कबूलपुर बाजार में लेडीज सामान की दुकान है।सुबह पति दुकान पर चला जाता है।दोपहर को पत्नी किरन यादव दुकान पर जाती है।वह प्रतिदिन की भांति दुकान पर जा रही थी।किरन के साथ गांव की एक महिला और थी।उक्त स्थान पर कबूलपुर बाजार की तरफ से एक बाइक से दो युवक आये।उन लोगों ने किरन यादव का हाथ ऐंठ कर उसका पर्स तथा मोबाइल छीन लिया।मोबाइल पर्स छीनने का बाद किरन तथा उसके साथ कि महिला ने शोर मचाना शुरू किया।उनकी आवाज सुनकर थोड़ी दूर पर मौजूद कुछ युवक उन बदमाशों को दौड़ाया।बदमाश पर्स तथा मोबाइल फेंक कर नत्थनपुर की तरफ भाग निकले। थानाध्यक्ष जलालपुर रमेश यादव ने बताया की जानकारी मिली है मामले की जांच कराई जा रही है।

सिकरारा थाना क्षेत्र में बीती रात आग लग जाने से 17,000 नगदी सहित तीन छप्पर जलकर राख

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रैया के मुसहर बस्ती में बीती रात आग लग जाने से 17,000 नगदी सहित तिन छप्परजलकर राख हो गया इस संबंध में आपको बताते चलें कि उक्त गांव निवासी मुन्ना बनवासी का तिन छप्पर सेंटर से रखा हुआ था बीती रात 3:00 बजे के करीब उनकी आंख खुली तो छप्पर जल रहा था जिसमें उनके दो जानवर भी बधे हुए थे उनके द्वारा शोर मचाते हुए तुरंत दोनों जानवर को बाहर निकाला गया लेकिन कहीं पर उचित पानी की व्यवस्थान होने के कारण सभी छप्पर धू–धू कर जल गया जिसमें उनका 17000 नगद रखा गया था पूछने पर उन्होंने बताया कि हमने अभी हाल में जानवर बेचे थे जिसका रुपया रखे थे जब उनसे यह पूछा गया कि आग कैसे लगी थी तो उन्होंने बताया कि मेरे पड़ोस में एक विद्यालय है जिसमें मैं नौकरी करता था उन्हीं के आदमियों द्वारा यह आग लगाया गया है आग लगाकर भागते समय हमने देखा था जिसकी लिखित शिकायत हमने सिकरारा पुलिस को दिया लेकिन पुलिस ने मेरी शिकायत नहीं दर्ज किया और डांट डपट घर मुझे भगा दिया छप्पर में मेरा रखा गया बिस्तर वखाने के लिए राशन रखा गया था सब जलकर नष्ट हो गया।

बाबू श्रीशचंद अग्रवाल की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारम्भ : अन्नपूर्णा क्लब ने जीत से की शुरुआत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : स्पोर्ट्स स्टेडियम हरदोई में बाबू श्रीश चंद अग्रवाल की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट का आरंभ हुआ। कल का मैच सक्सेस क्रिकेट अकादमी तथा अन्नपूर्णा क्लब के मध्य खेला गया। उदघाटन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष तथा बाबू श्रीश चंद अग्रवाल के सुपुत्र उमेश अग्रवाल ने किया। मैच में टॉस सक्सेस क्रिकेट अकादमी के कप्तान आकाश त्रिपाठी ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सक्सेस क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम निर्धारित 40 ओवर से पहले ही 31.4 ओवर में ही 123 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। सक्सेस क्रिकेट अकादमी की तरफ से आकाश त्रिपाठी ने सर्वाधिक 34 रन, आकाश अवस्थी ने 29 रन व भोला परमार ने 16 रनों का योगदान किया। वहीं अन्नपूर्णा क्लब की तरफ से चंदन मलिक ने सर्वाधिक चार विकेट, रितिक व अतुल द्विवेदी ने दो–दो विकेट तथा कृष्णा व हर्षित ने एक–एक विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अन्नपूर्णा क्लब की टीम ने यह मैच 34.5 ओवर में 1 विकेट से जीत लिया। अन्नपूर्णा क्लब की तरफ से अभिषेक तिवारी ने 24 रन, कृष्णा ने

22 रन तथा शुभम गुप्ता ने 19 रनों का योगदान दिया। वहीं सक्सेस क्रिकेट अकादमी की तरफ से चंद्रांशु सिंह ने तीन विकेट, अभिषेक वर्मा ने दो विकेट तथा आकाश त्रिपाठी, देवाशीष चौहान व आकाश अवस्थी ने एक–एक विकेट लिया। मैच में मैन ऑफ द मैच अन्नपूर्णा क्लब के चंदन मलिक रहे। अगला मैच 6 फरवरी को अन्नपूर्णा क्लब तथा चौधरी क्रिकेट एकेडमी के मध्य होगा। मैच के दौरान अंपायरिंग शिवम मिश्रा तथा मोहम्मद शरीफ ने की तथा स्कोरिंग योगेश श्रीवास्तव ने की। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सूर्य प्रताप सिंह ने दी।

प्रथम अमेंबल सुब्बा राव पाईं क्रिकेट टूर्नामेंट

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। केनरा बैंक अधिकारी संघठन अपने बैंक के संस्थापक के नाम पर प्रथम अमेम्बल सुब्बा राव पाईं क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित कर रहा है। कल रविवार को कानपुर रोड स्थित पार्थ क्रिकेट ग्राउंड में दो 20–20 क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। केनरा बैंक के कप्तान पुष्पेंद्र सिंह ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी का निर्णय लिया। पहला क्वार्टर फाइनल मैच केनरा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा की राइजिंग बरोडियन टीम के बीच खेला गया, जिसमे केनरा बैंक ने मात्र एक विकेट खोकर 179 रन बनाए, जिसमे क्षितिज शुक्ला के नाबाद 72 रन और मनीष राय ने आतिशी पारी खेलते हुए 29 गेंद में 55 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके जवाब में राइजिंग बरोडियन टीम 158 रन ही बना सकी और केनरा बैंक ने 21 रनों से जीत दर्ज की। केनरा बैंक के अंशुमान सिंह ने तीन ओवर में 2 विकेट झटके। केनरा बैंक के मनीष राय मैन

आफ द मैच रहे। आज का दूसरा मैच आरबीआई और बैंक ऑफ इंडिया के मध्य खेला गया, जिसमे आरबीआई ने निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट खोकर 226 रनों का पहाड़ खड़ा किया, जिसमे आरबीआई के सौमित्र सिंह की आतिशी पारी रही जिन्होंने 71 बॉल खेलते हुए 7 छक्के और 16 चौके की मदद से नाबाद 144 रन ठोंके और मैन आफ द मैच घोषित किए गए। इसके जवाब में बैंक ऑफ इंडिया 17.5 ओवर में 127 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस मैच को आरबीआई ने 99 से जीत दर्ज की।

राम भक्त महंत ने गंगा मैया की महत्ता बताते हुए ईश्वर से मिलने का बताया सुलभ रास्ता

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली –(हरदोई) : फर्रुखाबाद जिले के पंचाल घाट भैरव घाट के निकट स्थित नर्मदेश्वर धाम आश्रम के महंत राम भक्त दास गुरु रविवार को पाली नगर में अपने भक्तों के यहां आये। उन्होंने अपने भक्तों को भेंटवार्ता में बताया कि आज से 30 वर्ष पूर्व वह किराने की दुकान चलाते थे। एक दिन वह दुकान पर सुबह पहुंचे तो उन्होंने देखा एक साधु के रूप में महात्मा खड़ा है, तो उससे उन्होंने पूछा साधु हम तुम्हारी क्या सेवा कर सकते हैं ।साधु ने कहा कि हमें मीठा गुड खिला दो गुड़ खिलाने के बाद साधु ने कहा तुम किसकी पूजा करते हो तो मैंने उन्हें बताया कि वह शंकर भोले की पूजा करते हैं तो साधु ने उन्हें शंकर जी के दर्शन करने का उपाय बताया और कहा कि 3 वर्ष रात के समय गंगा जी के अंदर खड़े होकर तपस्या करो तभी तुम्हें भोले शंकर जी के दर्शन प्राप्त होंगे। वैसा ही उन्होंने किया और शंकर जी के दर्शन हुए। वही महंत गुरुजी ने बताया कि वह 5 वर्ष पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर तपस्या की। भोजन के रूप में वह पत्ता खाकर पेट भरते थे। उसी दौरान उन्हें हनुमान जी के सात बार दर्शन हुए। मैंने कई घंटों तक समाधि ा ली थी। महंत ने बताया कि इसके बाद आश्रम में भीड़ लगने लगी

।यह सब हनुमानजी की विशेष कृपा है। इस समय आश्रम पर 108 रुद्राभिषेक का कार्यक्रम चल रहा है। 14 जनवरी से शुरू किया गया, और 2 मई को रुद्राभिषेक का समापन होगा। उन्होंने अपने भक्तों शुभचिंतकों से अपील करते हुए कहा कि इस समय आश्रम पर रुद्रा अभिषेक चल रही है। जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल होकर अपने को गौरवान्वित करें ।रुद्राभिषेक का कोई भी शुल्क नहीं देना है। साथ ही उन्होंने कहा कुछ लोग रामायण की चौपाई पर सवाल कर रहे हैं वे लोग अपनी मानसिकता बदल कर सनातन धर्म की ओर चलें।

रामकथा प्रवचन व सत्संग से फैलती है समाज में समरसता

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) क्षेत्र के गांव मलिकापुर में श्रीमद् भागवत ज्ञान व श्री राम कथा का आयोजन चल रहा है। जिसमें हजारों की संख्या में क्षेत्र के लोग पहुंचकर राम कथा का आनंद ले रहे हैं। आचार्य सत्यदेव महराज ने श्रोताओं को प्रहलाद का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि प्रहलाद के पिता हिरण्यकश्यप थे,जो कि नारायण भगवान के नाम पर विश्वास नहीं रखते थे, जो भी व्यक्ति नारायण भगवान का नाम लेता था उसे वह सजा देते थे। प्रहलाद की माता कयाधु नारायण भगवान पर बहुत ही विश्वास रखती थी। आचार्य ने बताया कि कयाधु ने अपने बेटे प्रहलाद को नारद जी के पास शिक्षा लेने के लिए भेजा वहां पर प्रहलाद नें भगवान विष्णु को अपना आराध्य मानकर उनकी पूजा करने लगे, और हिरण्यकश्यप जो कि राक्षस प्रवृत्ति का था। उसे नारायण पर विश्वास नहीं था, जो नारायण को

अपना दुश्मन मानता था। अहंकारी भी था। भगवान विष्णु का जो व्यक्ति नाम लेता उसे वह सजा देता था। प्रहलाद नहीं मानता और वह नारायण नाम का जाप करता था। और लोगों को भी करवाता था। कथा समाप्त होने के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

पंचायत भवन विहीन ग्राम पंचायतो मे ग्रामीणो को कुटुम्ब रजिस्टर नकल हेतु उठानी पड़ रही परेशानी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महराजगंज ब्लाक के दर्जनो ग्राम पंचायतो मे पंचायत भवन न होने के कारण ग्रामीणो को तहसील से लेकर ब्लाक मुख्यालय का कई बार चक्कर लगाना पड़ता है ! ग्राम पंचायत चारों निवासी रंकजरूद्र मिश्रा का कहना है कि उनके यहां पंचायत भवन बना ही नही है ! ना ही किसी पंचायत सहायक की तैनाती है गांव का विकास कार्य बाधित है ! जिससे ग्रामीण गरीब जनता परेशान है ! अंगराह ग्राम पंचायत के चन्द्रभान पटेल का कहना है कि पंचायत भवन न होने के कारण कुटुम्ब रजिस्टर नकल हेतु हलफनामा के लिये 15 किमी दूर तहसील तक का चक्कर लगाना पड़ता है गांव मे तैनात पंचायत सहायक को कोई जानता ही नही है ! इसी तरह ग्राम पंचायत एकहुआ, 'चरियाही ,मनिकापुर ,बहोरिकपुर , एकहुआ ,तुरकौली केवटली ,भटपुरा ,सदरूद्दीनपुर ,बासूपुर आदि दर्जनो ग्राम पंचायत भवन विहीन गावो के ग्रामीण परेशान है । चरियाही के अभिषेक चारो के संतोष कुमार केवटली के प्रदीप कुमार यादव राजेश यादव का कहना है कि पंचायत भवन न होने के कारण खसरा खतौनी परिवार रजिस्टर की नकल हेतु प्राइवेट सहज जनसेवा केन्द्र से लेकर ब्लाक व तहसील तक की दौड लगानी पडती है । भवन विहीन ग्राम पंचायतो के संबन्ध मे एडीओ पंचायत के के पाण्डेय का कहना है कि खाली पंचायत भवनो की जमीन का सीमांकन हो गया है जल्द ही निर्माण कार्य चालू होगा।

संबंध विच्छेद के बाद पत्नी के प्रति जगा पति का प्रेम पड़ा महंगा : ससुराल वालों ने चोर समझकर की धुनाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के समोधीपुर गांव में शनिवार की देर रात शराब के नशे में धुत होकर संबंध विच्छेद होने के 1 वर्ष बाद पत्नी से मिलने पहुंचे उसके पूर्व पति को घरवालों ने अंधेरे में चोर समझकर पीट दिया। हालांकि बाद में पहचान होने पर गुस्साए ससुराली जनों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। रविवार को गौराबादशाहपुर थाने पर देर तक दोनों पक्षों में पंचायत चलती रही। बता दें कि पिंटू यादव निवासी लाडलेपुर थाना सरायख्वाजा की शादी गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के समोधीपुर गांव में वर्ष 2018 में हीरा लाल यादव की पुत्री सिंकी देवी से हुई है। बाद में अनबन होने पर लगभग एक वर्ष पूर्व पंचायत के जरिए दोनों का संबंध विच्छेद हो गया था। आरोप है कि शनिवार की देर रात पिंटू शराब के नशे में धुत होकर चोरी–छिपे हीरालाल के घर में घुसने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान हीरालाल के पुत्र विनोद की आहट सुनकर नींद खुल गई तथा उसके शोर मचाने पर परिवार के लोगों ने अंधेरे में ही पिंटू की पिटाई कर दी। बाद में उजाला करने पर उसकी पहचान पिंटू के रूप में हुई तो गुस्साए ससुराल के लोगों ने डायल 112 व थाने के सीयूजी नंबर पर कॉल करके सूचना दिया। तथा उसे पुलिस के हवाले कर दिया। ससुराल के लोगो द्वारा पिटाई के कारण पिंटू का सिर फट गया था। पुलिस ने उसका उपचार भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोरसंड़ ले जाकर करवाया। हालांकि रविवार को दोपहर तक दोनों पक्षों के बीच पंचायत चलती रही। इस संदर्भ में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक गौराबादशाहपुर देवानंद रजक ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।उचित कार्यवाही की जाएगी।

जमीन को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद की सूचना पर पहुँची पुलिस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के अड़ियार गांव में जमीनी विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही दूसरे पक्ष के व्यक्ति द्वारा खुद पर डीजल छिड़क लेने की रही चर्चा मामले में पुलिस उक्त व्यक्ति समेत उसके पत्नी दो बच्चे व शिकायतकर्ता पक्ष के एक व्यक्ति को थाने पर ले आकर मामले की जॉच में जूट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेरी थाना क्षेत्र के अड़ियार गांव निवासी चिंतामणि यादव व बलदाऊ यादव के बीच काफी दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार की सुबह चिंतामणि के बेटे बृजेश यादव ने 112 नंबर पर फोन कर जमीन को लेकर विवाद होने की सूचना दिये। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जॉच पड़ताल कर रही थी। चर्चा है की आरोपी पक्ष के बलदाऊ द्वारा पुलिस को देखते ही खुद पर डीजल छिड़ककर आत्महत्या करने की बात करने लगे और जैसे ही पुलिस उसके नजदीक आते दिखी तो खुद पर डीजल छिड़क लिया। मामला चाहे जो भी रहा हो हालांकि पुलिस उक्त मामले में मौके से शिकायतकर्ता पक्ष के चिंतामणि यादव समेत आरोपी पक्ष के बलदाऊ व उनकी पत्नी उर्मिला और दो नाबालिक बच्चे राजा, दुर्गेश को थाने ले आकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुरेरी जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया दोनो पक्ष के बीच जमीन को लेकर विवाद होने की सूचना पर मौके से पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आकर कार्रवाई में जुटी हुई है। वहीं आरोपी पक्ष द्वारा खुद पर डीजल छिड़क लेने की चर्चा की बात से पुलिस ने अनभिज्ञता जताई।

अवैध मादक पदार्थों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रविवार को मादक पदार्थ के वांछित दो तस्करों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। पुलिस की दो अलग–अलग टीम संदिग्ध वाहन संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में विभिन्न जगहों पर चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पहली टीम का नेतृत्व कर रहे प्रभारी निरीक्षक संतोष पांडे को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि गांजा तस्कर के वांछित शशि केस उर्फ गोलू शुक्ला पुत्र अजय प्रकाश उर्फ नन्हें शुक्ला निवासी मछली गांव थाना बदलापुर मछली गांव स्थित पुराने ईट भट्ठा पर मौजूद हैं। संतोष पांडे मय हमराही सिपाहियों के साथ ईट भट्ठा की तरफ पहुंच गए। तो उन्होंने वहां मौके पर गांजा के तस्कर वांछित आरोपी शशिकेस शुक्ला उर्फ गोलू शुक्ला को उनके कब्जे से 5 किलोग्राम गांजा के साथ उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसी बीच दूसरी टीम का नेतृत्व कर रहे उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद ने मुखबिर की सूचना पर मय हमराही सिपाहियों के साथ सराय गुंजा तिराहे पर शैलेंद्र यादव पुत्र स्वर्गीय राम अभिलाख यादव निवासी सराय गुंजा थाना बदलापुर के कब्जे से 80 लीटर अवैध अप मिश्रित कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों में शैलेंद्र यादव पर जनपद सुल्तानपुर तथा जौनपुर के विभिन्न थानों में 15 मुकदमे दर्ज हैं। जबकि शशि केस उर्फ गोलू शुक्ला पर थाना बदलापुर में पांच मुकदमा पंजीकृत है। प्रभारी निरीक्षक संतोष पांडे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की तलाश महीनों से चल रही थी।

कुर्क किए गए सामानों की होगी नीलामी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : न्यायालय के आदेश के क्रम में कुर्क किए गए सामानों की नीलामी सोमवार को दो बजे स्थानीय थाना परिसर में होगी इस आशय की जानकारी थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। बतौर पुलिस चौकी क्षेत्र सरायमोहिउद्दीनपुर गांव निवासी अमरेन्द्र ऊर्फ पवन पुत्र सन्तराम विन्द मुकदमा अपराध संख्या 2207/2021 धारा 128 सीआरपीसी से सम्बन्धित अभियुक्त है।जिसके विरूद्ध विगत 22 अक्टूबर को माननीय न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम ने आदेश कर रखा था।जिसके परिपालन मे कुर्क किए गए अभियुक्त के सामानों की नीलामी सोमवार को दो बजे थाना परिसर में नायब तहसीलदार सन्दीप कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में होगी।इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने लोगों से ससमय प्रतिभाग करने की अपील की है।

ट्रॉली व कृषियंत्र वर्कशॉप से दस लाख के सामान चुरा ले गए चोर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के चंदवक गाजीपुर मार्ग पर बगेरवा गांव में स्थित चौबे ट्रॉली व कृषियंत्र वर्कशॉप के गेट का ताला तोड़कर वर्कशॉप में रखे सरिया, चैनल, खिड़की, दरवाजा, तीन वेल्डिंग मशीन, ग्लाइडर, ट्रॉली जग, वर्कशॉप के टूल सहित अन्य सामान चोर चुरा ले गए जिसकी कीमत लगभग दस लाख बतायीं जा रही है।संभावना जताई जा रही है कि चोरों ने बड़े वाहन का प्रयोग किया और उनकी संख्या भी अधिक थी। जानकारी के अनुसार बगेरवा गांव में हटवा गांव निवासी हृदय नारायण चौबे की पत्नी माधुरी चौबे के नाम से ट्राली व कृषि यंत्र बनाने का वर्कशॉप है।रोज की भांति उनके पुत्र आशुतोष चौबे आंशू रविवार को वर्कशॉप बंद कर घर चले गए।रात में चोर गेट का ताला तोड़कर अंदर वर्कशॉप में किसी बड़े वाहन के साथ घुसे और वहां रखा दस टन सरिया,खिड़की जंगला, ट्रॉली रिंग 8 पीस,3 वेल्डिंग मशीन,चपसा ग्लाइडर,ट्रॉली जग,वर्कशॉप टूल के साथ छोटे बड़े लोहे के औजार,चौनल 1टन,1टन पिलर रिंग सहित अन्य सामान चुरा ले गए जिसकी कीमत लगभग दस लाख बतायीं जा रही है।संभावना जताई जा रही है कि बड़े वाहन के साथ वर्कशॉप में घुसे चोरों की संख्या भी अधिकाधिक थी क्योंकि लोहे के जितने सामान की चोरी हुई है वह कुछ चोरों के बस की बात नहीं है।इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह ने बताया कि चोरी की घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।घटना के संबंध में कुछ सूत्र मिले हैं! जिसको लेकर जांच किया जा रहा है!अतिशीघ्र घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

चेकिंग के दौरान तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीती रात क्षेत्र के सोंगर गांव मे चेकिंग के दौरान एक युवक को खेतासराय पुलिस ने तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया की पुलिस बल द्वारा चेकिग के दौरान आरोपी तबरेज उर्फ बब्बन निवासी सोंगर थाना खेतासराय को एक तमंचा मय कारतूस के साथ सोंगर पुलिया के पास से बीती रात्रि चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आरोपी तबरेज उर्फ बब्बन के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

मदरसा कुरानिया का चुनाव संपन्न : हसीन बबलू चुने गए प्रबंधक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुक्रम मे चिट्स एंड फण्ड सोसाइटी वाराणसी द्वारा मदरसा कुरानीया गोपालपुर शहरी की साधारण सभा घोषित की गई और चुनावधिकारी /प्रधानाचार्य श्रीमति मंजू लता वर्मा, राजकीय इंटर कालेज जौनपुर की देख

रेख में दिनांक 5–02–2023 को स्थान मदरसा कुरानिया गोपालपुर शहरी में प्रबंधक समिति का चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें साधारण सभा के मिम्बरों की उपस्थिति दर्ज हुई और जिसमे सर्वसम्मिति व निरविरोध रूप से प्रबंध समिति के अध्यक्ष मो शाहिद, उपाध्यक्ष डॉ जावेद अखतर , प्रबंधक/सेक्रेटरी मो हसीन, उप– प्रबंधक मो वाहिद, खजांची, माजिद, सदस्यगण– आफताब अहमद, सेराज अहमद, मो साजिद,मो तहसीन,इश्तेयाक अहमद, जुल्फेकार अहमद,एखलाक अहमद, अब्दुल अहद, उक्त लोग निर्विरोध रूप से चुने गए। सकुशल चुनाव को सम्पन्न कराने में सकर मंडी चौकी इंचार्ज अपने दाल बल के साथ उपस्थित रहे, चुनाव के बाद प्रबंधक/सेक्रेटरी मो हसीन ने कहा कि मैं समस्त साधारण सभा के सदस्यों का आभार व्यक्त करता हु एवंम मदरसा के समस्त अध्यापक और कर्मचारियों के प्रति स्नेह प्रकट करता हु और मैं हमेशा तन मन धन से मदरसा की फला व बहबूदी के लिए काम करता रहूंगा।

चुनिंदा उचित दर की आठ दुकानों को बनाया जाएगा मॉडल शॉप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद में 75 उचित दर की दुकानों को मॉडल शॉप के रूप में विकसित करने के लिए शासन की ओर से निर्देशित किया गया है। उसी क्रम में बदलापुर तहसील क्षेत्र के आठ उचित दर की दुकानों सहित पूरे जनपद में 98 दुकानों को मॉडल शॉप के रूप में विकसित करने के लिए चिन्हित किया गया है। बदलापुर तहसील क्षेत्र के विकास खंड महराजगंज में इब्राहिमपुर, सवंशा, अमारी तथा बदलापुर ब्लाक में बनगांव पट्टी, कमालपुर, मल्लूपुर एवं डेहुणा गाँव की राशन की दुकानें को चिन्हित किया गया है! यह जानकारी पूर्ति निरीक्षक विजय शाहनी ने दी है! राशनकार्ड धारकों को भारी सहूलियत मिलेगी! गौरतलब है कि अभी तक उचित दर की दुकानें डीलर के निजी भवनों में संचालित होती हैं अगर किसी कारण से डीलर बदल जाता है तो दुकान का स्थान भी बदल जाता है किन्तु मॉडल शॉप की दुकानों के लिए सरकारी भवनों का निर्माण हो जाने से डीलर के बदलने पर दुकानों का स्थान नहीं परिवर्तित होगा, जिससे लाभार्थियों को असुविधा नहीं होगी।

छुट्टा पशु कर रहे फसल नुकसान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डोभी क्षेत्र के हरिहरपुर, बरमलपुर, कोपकला, हटवां , चौबेपुर, रामदेव पुर, बगेरवां आदि गावो में आवारा पशू गेंहू सरसो आदि की फसको को काफी नुकसान पहुचा रहे है किसान परेशान है सरकार एक तरफ किसानों आय दुगुना वढ़ाने के लिये काफी प्रयासरत है ! क्षेत्र में गोशाला बनाये गये हैं! जो कि आवारा पशुओं को गौशाला में रखा जाए उनकी देखभाल के लिए सरकारी कर्मचारी लगाए गए हैं लेकिन लोगों का कहना है कि रात में गौशाला से पशुओं को छोड़ दिया जाता है जिससे किसानों की फसले चर जाते हैं हरिहरपुर गांव निवासी ठाकुर प्रसाद पांडे ने बताया कि बताया कि गाव में आवारा पशू घूमते दिख जायेगे । इसकी सूचना प्रधान सेक्रेटरी को दी जाती है तो इस पर कोई कार्यवाही नहीं होता है कुछ नही करते है लोगो ने कहा सरकार आवारा , पशुओं से होने वाले नुकसान की भर पाई भी नही करती है ।गाव के लोग दिन के अलावा रात में जाग कर खेतो की रखवाली कर रहे है ।

घर बैठे मोबाइल पर मिलेगी विद्युत बिल की जानकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बिजली उपभोक्ताओं को समय से बिल पहुंचाने के लिए उनकी जानकारी जुटाई जा रही है ! 1 से 15 फरवरी तक चलाए जा रहे विद्युत उपभोक्ता पहचान पखवाड़े में अधिकारी कैंप लगाकर वह घर–घर पहुंचकर उपभोक्ताओं का पहचान पत्र ,मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी दर्ज कर रहे हैं! यह जानकारी बिलिंग सुपरवाइजर संदीप मिश्रा दे दी है। उन्होंने बताया कि विद्युत पहचान पकवाड़ा के अंतर्गत लगाई गयी शिविर में अब तक 798 मोबाइल नंबरों की केवाईसी पूर्ण कराई गई है। उपभोक्ताओं को समय से बिजली का बिल नहीं मिलने की शिकायत रहती है इस कारण होने वाले भारी–भरकम बकाए से न कि विभाग को नुकसान उठाना पड़ता है बल्कि उपभोक्ताओं को भी सर चार्ज के रूप में अधिक बिल जमा करना पड़ता है! इसी समस्या को दूर करने के लिए विभाग ने उपभोक्ताओं के पहचान की मुहिम चलाई है।

रजत कॉलेज में फेयरवेल पार्टी सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ।रजत कॉलेज में कक्षा 12 के बच्चों की फेयरवेल पार्टी संपन्न हुई इस अवसर पर छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए चेयरमैन डॉ आर जे सिंह एवं वाइस चेयरमैन श्रीमती

पुष्प लता सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। रजत ग्रुप आफ कॉलेजेस के प्रबंध तंत्र, शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

मौला अली का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश के प्रसिद्ध दरगाहो में एक जौनपुर स्थिति मौला अली दरगाह सुमार है। हजरत अली इब्ने अब्बू तालिब 13 रजब जन्मदिन महफिल का आयोजन बीती रात धूमधाम से हुआ। मौला अली दरबार को रंग विरंगी झालरों व गुब्बारों से भव्य सजावट किया गया था उक्त अवशर पर हजारों भक्तों ने दरगाह में उपस्थिति होकर कर पूजा इबादत किया। दरगाह के मुतवल्ली हातिम अली करबलाई ने बताया कि इमामबारगाह अहियापुर में प्रतिदिन हजारों भक्त आते हैं और उनकी मुराद पूरी होती हैं। उन्होंने बताया कि लोहबान लेने के लिए कई जिले से भक्त आते हैं और उनका कष्ट दूर होता है। मुतवल्ली ने बताया कि इमामबारगाह पीठ सैकड़ो वर्ष पुराना है इनकी मान्यता दूर दूर तक फैली है यहां सभी धर्म के लोग बड़ी संख्या में आते हैं और अपनी मुराद पूरी करने के लिए दरगाह में छल्ला रक्षा कलावा बांधकर विनती करते हैं इस दरगाह पर पूजा पाठ के नाम पर किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता हैं सभी पूजन निशुल्क होता है। मौला अली के जन्मदिन

पर महफिल कार्यक्रम का आयोजन हुआ व विशाल केक काटकर जन्मदिन मनाया गया व लोगो को प्रसाद वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम आयोजन समिति के मुसाहिब हुसैन, सबीउल हसन, जैगम अब्बास,कमर हसनैन दीपू पत्रकार दीपक श्रीवास्तव पत्रकार, बच्चा भइया, मेराज अली, आरिफ हुसैन साहिल आलोक गुप्ता एडवोकेट,नेहाल हैदर, अंचल श्रीवास्तव, डब्बू यादव, जॉन रिजवी, पवन मौर्य, विशाल मौर्य आदि लोग व्यवस्था में लगे रहे।

एक पक्ष नें सड़क पर किया चक्का जाम : मामला बढ़ता देख खिसके राजस्व कर्मी

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मल्हनी बाजार में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों ने हंगामा कर दिया और नोकझोंक हुई। मौके पर पहुंचे राजस्व कर्मी मामला बढ़ता देख खिसक लिए। एक पक्ष ने जौनपुर खुटहन मार्ग पर चक्का जाम कर दिया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा–बुझाकर मामले को शांत कराया । मल्हनी बाजार में अजय गुप्ता ऊर्फ टप्पू का परिवार 60 वर्ष मकान बना कर रहते हैं। आरोप है कि जैठपुरा निवासी बेचन मिश्रा,अमला यादव और रिटायर्ड लेखपाल का पुत्र निवासी नगहटी का अजय अग्रहरि उर्फ टप्पू के रिहायशी आवास पर चक बैठ गया। जिसका मामला हाईकोर्ट और चकबंदी विभाग में चल रहा है। लेकिन रविवार को लेखपाल नायब तहसीलदार कानूनगो के साथ पुलिस भी पहुंच गई और अजय अग्रहरि ऊर्फ टप्पू के घर पर कब्जा लेने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों पक्षों में नोकझोंक होने लगी और हंगामा भी होने लगा। पीड़ित पक्ष के अजय अग्रहरि टप्पू ,शन्नो देवी, मुराता देवी, पिंटू अग्रहरी, सुमित अग्रहरी, टिंकल अग्रहरी परिवार सहित जौनपुर–खुटहन मार्ग पर अपने घर के सामने सड़क पर लेट गए और चक्का

जाम कर दिया। इस दौरान करीब आधे घंटे जाम लगा रहा और भीड़ जुटी रही। मामला बढ़ता देख राजस्व कर्मी सब वहां से चलते बने ।सूचना पर थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए और दोनों पक्षों को कहा कि सभी पक्ष जमीन से संबंधित दस्तावेज समाधान दिवस के दिन थाने पर लेकर आए। वहां राजस्व कर्मियों के बीच मामले का निपटारा जांच पड़ताल के बाद किया जाएगा । समझा–बुझाकर जाम को खत्म कराया ।जिसके बाद बाजार का आवागमन शुरू हो सका।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बदलापुर में कन्या जन्मोत्सव का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम के कुशल नेतृत्व में 06 फरवरी 2023 को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत लिंग असमानता को समाप्त करने हेतु बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन करने और समाज में व्याप्त कुरीति कि लड़कों के जन्म पर खुशी मनाई जायेगी लड़कियों की नहीं, के उद्देश्यों को लेकर कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बदलापुर में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मा0 विधायक बदलापुर द्वारा कहा गया कि देश व प्रदेश के सरकार की यह मंशा है कि महिलाओं को समाज अग्रण स्थान मिले इसके लिये सरकार ने यह व्यवस्था बनाई है कि सभी योजनाओं में महिलाओं को मुखिया बनाया जाये, जैसे आज शौचालय, आवास, राशन कार्ड, कन्या सुमंगला योजना, उज्जवला योजना इत्यादि हेतु महिला मुखिया को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी प्रकार जमीन खरीद में भी महिलाओं के नाम से जमीन खरीदने पर स्टाम्प में अतिरिक्त छूट मिलती है। प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों को अगर 25 प्रतिशत स्टाम्प छूट है तो महिला उद्यमियों को 30 प्रतिशत छूट मिल रहा है। इसी प्रकार सरकार महिलाओं के नाम से 02 लाख रू0 जमा करने पर महिला सम्मान बाण्ड के रूप में सबसे ज्यादा ब्याज प्रदान की रही है। हम सभी लोगों की प्रयास होना चाहिए कि लड़का एंव लड़की में कोई भी भेद न किया जाये और समान्य रूप से उन्हे शिक्षित, विकसित व सुरक्षित किया जाये। आज बदलापुर की जनता यह तय करे कि जैसे लड़का होने पर खुशी मनाई जाती है वैसे ही लड़की होने पर खुशी मनाई जायेगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी जौनपुर बिजय कुमार पाण्डेय द्वारा उपस्थित लोगों को कन्या जन्मोत्सव के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताते हुये कहा गया कि जनपद जौनपुर में पुरूष और महिला लिंगानुपात बेहतर स्थिति में है लेकिन बाल लिंगानुपात घट रहा है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि इसके लिये आगे आये। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के सभी पात्र लोगों को लाभान्वित कराये जाने हेतु आवश्यक सहयोग हेतु जनमानस का आवाहन किया गया। कार्यक्रम में केक काटकर चिकित्सालय में जन्मी तीनों बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया और उन्हे बेबी हिमालया गिफ्ट पैक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को केक व मिठाई खिलाकर बधाई दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशीष सिंह, अंशू" जिला पंचायत सदस्य, तेजीबाजार, जौनपुर, डा0 संजय दूबे, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सामु0स्वा0के0बदलापुर, ए0सी0एम0ओ0 डा0 अग्रवाल, चन्दन राय, बाल संरक्षण अधिकारी उपस्थित रहे। सामुदायिक स्वा0 मडियाहूँ में मा0 विधायक डा0 आर0के0पटेल के नेतृत्व में कन्या जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें मा0 विधायक जी द्वारा कहा गया कि बालिकायें 02 कुलों को रोशन करती हैं, इसलिये हमे लड़का एवं लड़कियों में भेद नहीं करना चाहिये एवं लड़की का पिता होना एक गौरव की बात है। लिंग असमानता के खिलाफ आज महिला कल्याण विभाग द्वारा उठाया गया यह कदम मिल का पत्थर साबित होगा और निश्चित ही समाज में परिवर्तन प्रदर्शित होगें। लड़के–लड़कियों में कोई भेद जनपद जौनपुर में नहीं होगा। महिला कल्याण अधिकारी नीता वर्मा द्वारा उपस्थित लोगों को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का विस्तार से वर्णन करते हुये उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा येजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला येजना एवं पति के मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन येजना के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में सखी वेलफेयर ट्रस्ट की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता द्वारा कहा गया कि जनपद जौनपुर में बाल लिंग असमानता घटने के खिलाफ जौनपुर के सभी नागरिको को स्वयं आगे आना होगा और इसका विरोध करना होगा कहीं भी भ्रूण हत्या नहीं होना चाहिए। यह हम सभी जनपदवासियों का दायित्व है। कार्यक्रम में केक काटकर चिकित्सालय में जन्मी 09 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया और उन्हे बेबी हिमालया गिफ्ट पैक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को केक व मिठाई खिलाकर बधाई दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य चिकित्साधिक्षक डा0 एम0एस0यादव, डा0 ज्ञानती सिंह इत्यादि ने प्रतिभाग किया। सामुदायिक स्वा0 केन्द्र केराकत में बालिका जन्मोत्सव का आयोजन किया गया जहॉ उपस्थित जनमान्य को सम्बोधित करते हुये जिला समन्वयक सुश्री प्रतिभा सिंह द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का विस्तार से वर्णन करते हुये उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा येजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला येजना एवं पति के मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन येजना के बारे में बताया गया। जिला समन्वयक बबीता द्वारा लिंग असमानता के खिलाफ जनपद में हो रही भ्रुण हत्याओं के सम्बन्ध में लोगो का ध्यान आकृष्ट किया और कहा कि आप सभी लोग अपनी पहचान छिपाकर भी इसकी शिकायत सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नम्बर 1098, 181 व 112 पर कर सकते हैं, जिस पर सरकार द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जायेगी। कार्यक्रम में केक काटकर चिकित्सालय में जन्मी 04 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया और उन्हे बेबी हिमालया गिफ्ट पैक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को केक व मिठाई खिलाकर बधाई दी गयी।

दलालों व फर्जी आशा बहुओं के चंगुल में ना फंसे प्रसूता व उनके परिजन –सीएमएस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2005 से चलाई जा रही अति महत्वाकांक्षी योजना जननी सुरक्षा योजना का लाभ जिला महिला चिकित्सालय में प्रसूताओ को बिना किसी भेदभाव व बिचौलियों के मिल रहा है। उन्होंने यहां पर आने वाले सभी प्रसुताओं व उनके परिजनों से अपील किया है कि वह इस चिकित्सालय में आकर दलालों व फर्जी आशा बहुओं के चक्कर में ना पड़कर बल्कि सीधे यहां पर तैनात चिकित्सकों से सम्पर्क करें। अगर इस दौरान उन्हें कोई दिक्कत होती है तो उनसे सीधे मोबाइल पर संपर्क कर सकते हैं। इस बात की जानकारी देते हुए जिला महिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ आर पी वर्मा ने बताया पिछले साल मई 2022 से 31 जनवरी 2023 तक आशा बहुओ की प्रोत्साहन से जिला महिला चिकित्सालय में लगभग शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली 2541 प्रसूताओं को 3,19,460 रुपया देकर प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने बताया हमारी प्रथम प्राथमिकता यह है कि अधिक से अधिक यहां पर आने वाले वाली शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली प्रसूताओं को इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिले। उनके मुताबिक जिला महिला चिकित्सालय में 1 मई 2022 से 31 जनवरी 2023 के बीच सबसे अधिक नवंबर माह में 394 प्रसूताओं को जननी सुरक्षा योजना से लाभान्वित किया गया है वही सबसे कम 125 प्रसूता मई 2022 में इस योजना से लाभान्वित हुई है। सीएमएस जिला महिला चिकित्सालय श्री वर्मा ने बताया कि जिला महिला चिकित्सालय में मई में 125 जून माह में 211,जुलाई माह में 354,अगस्त माह में 201,सितंबर माह में 337,अक्टूबर माह में 293, नवंबर माह में 394,दिसंबर माह में 177 व जनवरी माह 2023 में 359 प्रसूताओं को इस महत्वाकांक्षी जननी सुरक्षा योजना का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि मई 2022 से जनवरी 2023 तक जिला महिला चिकित्सालय में कुल 2541 प्रसूताओं को 3,19,460 रुपया देकर जननी सुरक्षा योजना से लाभान्वित किया गया है।उन्होंने बताया कि इस महिला चिकित्सालय में जो भी प्रसूता चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र से या फिर शहर से स्वयं या फिर आशा बहुओं की प्रेरणा से या फिर इसके अलावा एंबुलेंस के माध्यम से यहां पर आती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली प्रसूताओं को 1400 रुपये और शहर से आने वाली प्रसूताओं को 1000 रुपया जननी सुरक्षा योजना के तहत देकर उन्हें लाभान्वित किया जाता है।उन्होंने बताया कि जननी सुरक्षा योजना का लाभ यहां पर आने वाली सभी प्रसूताओं को किसी किसी भेदभाव व बिना बिचौलिए के दिया जा रहा है।

मार्ग चौड़ीकरण में पीड़ितो ने प्रशासन पर लगाया सौतेला व्यवहार करने का आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शहर के विभिन्न मार्गो के चौड़ीकरण के चलते तोड़ फोड़ को लेकर इससे संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मियों के प्रति पीड़ित लोगों ने सौतेला व्यवहार लगाने का आरोप लगाया।उन्होंने इससे संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मियों पर आरोप लगाया कि वे जनप्रतिनिधियों, भूमाफियाओं, नेताओं व अन्य लोगों के दबाव में उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं।यह आरोप ऐसे मकान मालिको, दुकानदारों,ठेले खोमचे वाले सहित ऐसे लोगों ने लगाया है जिनके मकान,दुकान सहित अन्य प्रतिष्ठान मार्ग चौड़ीकरण के नाम पर ध्वस्तीकरण में ध्वस्त हो गया। परंतु जहां पर मार्ग चौड़ीकरण होना चाहिए वहा पर प्रशासन का बुलडोजर नहीं चल रहा है। समाचार पत्र में नाम न छापने के शर्त पर उन्होंने बताया कि प्रशासन हम सभी गरीबो के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है।उन्होंने बताया कि जनप्रतिनिधियों, भूमाफियाओं के साथ साथ ऊंची पहुंच रखने वाले लोगों के आगे मार्ग चौड़ीकरण करने वाले विभाग का बुलडोजर नहीं चल पा रहा है।अगर देखा जाए तो शहर में अभी ऐसे मुख्य मार्ग जहां पर मार्ग चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं हुआ।वहां पर बुलडोजर नहीं चल रहा है।इन लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन को चाहिए था कि पहले अधिक जाम लगने वाले इलाकों वाले मार्गों का चौड़ीकरण कराया जाय परन्तु ऐसा कुछ नहीं हो रहा है।शहर के सिविल लाइन से पुष्पराज चौराहा सम्पर्क मार्ग,सहादतगंज से रिकाबगंज चौराहा संपर्क मार्ग,चौक से रीडगंज संपर्क मार्ग, रिकाबगंज से कसाबबाड़ा संपर्क मार्ग,फतेहगंज से नाका सम्पर्क मार्ग,देवकाली तिराहा बेनीगंज संपर्क मार्ग सहित तमाम कई ऐसे कई मार्ग हैं जहां पर जाम लगनाध आम बात हो गया है।परंतु इस गंभीर समस्या पर इससे संबंधित विभाग का बुलडोजर नहीं चला। जिसके चलते पीड़ितों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मियों पर पर आरोप लगाया कि इन सफेदपोश नेताओं व ऊंची पकड़ रखने वाले लोगों के दबाव के चलते प्रशासन का बुलडोजर नहीं चल रहा है। जिससे यह पता चलता है कि प्रशासन मार्ग चौड़ीकरण करने को लेकर हम गरीबों से सौतेला व्यवहार कर रहा है।

चाणक्य परिषद ब्राह्मण उत्पीड़न पर गंभीर 7 को देगी डीएम को ज्ञापन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की मासिक समीक्षा बैठक दारागंज तोरो माफी मैं संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्र दुबे और संचालन विनोद तिवारी ने किया।बैठक के मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी रहे।बैठक में प्रमुख रूप से तोरे दराब गंज के राम मधुसूदन पांडे राम गिरधर पांडे राम श्याम पांडे की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने से रोकने पर गांव की ही महिला गुडिया पत्नी राजित राम ने फर्जी मुकदमे मे अपना कपड़ा फाड़ कर अपने साथ जोर जबरदस्ती करने का मामला बीकापुर कोतवाली में दर्ज करा दीया है इससे पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और ब्राह्मण कन्या की शादी में मदद करने और आगामी 7 फरवरी को उपरोक्त प्रकरण पर जिलाधिकारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर मामले से संबंधित मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर न्याय की मांग की जाएगी। संगठन को मजबूती देने पर भी विस्तार से विचार हुआ। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष विनोद तिवारी लखन धर त्रिपाठी पूर्व प्रधान कपिल देव पांडे स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी केके तिवारी मया बाजार के अध्यक्ष राधेश्याम पांडे युवा अध्यक्षअध्यक्षता डॉक्टर सुरेंद्र दुबे संचालन विनोद तिवारी पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बीकापुर जिला उपाध्यक्ष सूर्य नारायण दुबे एडवोकेट राम भरत पांडे उमाशंकर तिवारी जिला लेखा परीक्षक महामंत्री लखन त्रिपाठी करुणा शंकर त्रिपाठी जिला प्रवक्ता जिला कार्यकारिणी सदस्य कपिल देव पांडे ज्वाला प्रसाद दुबे राधेश्याम पांडे रामचरित्र पांडे राम सुरेंद्र मिश्रा अवधेश मिश्रा अंजनी तिवारी अरुण पांडे द्वारका प्रसाद पांडे युवा अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी वरिष्ठ प्रबंधक गिरीश पाठक केके तिवारी नगर संयोजक राजेंद्र पाठक संतोष तिवारी संतोष पाण्डेय देवी प्रसाद दुबे आदि भारी संख्या मे परिषद के सदस्य ब्राह्मण बंधु मौजूद रहे।

सड़कों पर बड़े–बड़े गड्ढे को लेकर ग्रामीणों के साथ सपा दिव्यांग नेता पंडित समरजीत ने सरकार विरोधी नारों के साथ किया प्रदर्शन

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। भाजपा की योगी सरकार की ओर से सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के अभियान की निर्धारित तिथि खत्म होने के बावजूद सड़कों की बदहाली दूर नहीं हो सकी। सड़कों की बदहाली को दिव्यांग सपा नेता पंडित समरजीत ने बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के पिपरी जलालपुर– तारुन मार्ग पर बासदेवपुर चौराहे से बीकापुर ब्लॉक जाने वाली सड़क पर लेटकर विरोध प्रदर्शन किया। पंडित समरजीत ने कहां– आज भाजपा।सरकार में शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीणांचल की सड़कों की दशा बेहद खराब हो चुकी है। सड़कों पर लोगों का चलना दूभर हो गया है। आज बच्चों की परीक्षा भी सर पर है और तमाम विद्यालय की सड़कें जर्जर अवस्था में है और यही सड़कें दुर्घटनाओं को भी दावत दे रही है।जहां आज जनपद में गांव को जोड़ने वाली सड़कों की दुर्दशा, पिपरी जलालपुर तिराहे से शाहगंज रोड, दसारथपुर चौराहे से भावा पुर ग्राम सभा तक, बीकापुर कनक मलेथू से उमरपुर बाजार तक, भगवती नगर चौराहे से खेमा सराय मार्ग तथा बड़ागांव से देवड़ी, आदि मार्गों पर चलना दूभर हो गया है, जहां एक तरफ भाजपा की डबल इंजन की सरकार में विकास के साथ लोगों को

मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं लेकिन यह दावा कितना सही है, इसकी हकीकत तो सिर्फ सड़कों की बदहाली देखकर ही लगाया जा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है, वहीं उनको मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं भी अब नदारत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द से जल्द जनपद की सड़कों की दशा नहीं सुधरी तो समाजवादी पार्टी आंदोलन करेगी। इस अवसर पर पूर्व प्रधान चन्द्रभान वर्मा, देवी प्रसाद कोरी, रवि शर्मा, राम अंजोर कोरी, आकाश यादव, अजय वर्मा अनिरुद्ध सिंह, केदार नाथ पांडेय, आदित्य पांडेय सहित कई मौजूद रहे।

निकाली गई सामाजिक जन जागरूकता रैली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे पुनीत सागर अभियान के अन्तर्गत कर्नल निकेत सिंह नेगी, कमान अधिकारी, 98 यूपी बटालियन, एनसीसी जौनपुर के निर्देशानुसार कुटीर पीजी कालेज चक्के के एनसीसी कैडेटों ने लेफ्टिनेंट चित्रसेन गुप्ता के नेतृत्व में सामाजिक जन जागरूकता हेतु रैली निकाली। रैली को महाविद्यलय के यशस्वी प्राचार्य मेजर डॉ रमेश मणि त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। कैडेटों ने महाविद्यालय के आस–पास के गांव में जाकर लोगों को अनुशासित जीवन जीना तथा अपने आसपास साफ सफाई एवं सामाजिक बुराइयों एवं उनके उन्मूलन हेतु विशेष रुप से संदेश दिया।

मौला अली के जन्मदिवस के मौके पर वक्फ मस्जिद हसन रजा खां चौक में रात भर हुआ महफिल का आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मौला अली के जन्मदिवस के मौके पर वक्फ मस्जिद हसन रजा खां चौक में रात भर हुआ महफिल का आयोजन। मौला अली के जन्मदिवस के मौके पर चौक मस्जिद पर रात भर महफिल का आयोजन हुआ । पूरी मस्जिद झालरों और फूलों से सजाई गई जो लोगो में आकर्षण का केंद्र बनी रही। मसजिद के प्रवक्ता हामिद जाफर मीसम ने बताया कि महफिल की तकरीर मौलाना मो मोहसिन (प्रिंसिपल वसीका अरबी कालेज) व संचालन मौलाना हैदर अली ताबिश (नायब पेशईमाम चौक मस्जिद) ने कि व महफिल के कनवीनर डा हैदर मेहंदी थे। महफिल का शुभारंभ शाजेब हैदर ने कुराने पाक की तिलावत से किया, महफिल में इरम बनारसी, सिब्तैन मेहदी शावर, जलाल हैदर, शबाब हैदर, जिना हैदर, कुमैल आबिदी, साहिल कलॉपुरी, आमीर फैजाबादी, इमरान जैदी, मो हसनैन, अली हैदर, गदीर इमाम, अर्शी मौलाई, जियारत फैजाबादी, शफक फैजाबादी, सादिक हुसैन सहित सभी शायरो ने मौला अली की शान में कसीदे पढ़े। महफिल समाप्ति पर मस्जिद के मुतावली शुजात हुसैन वसीम ने आयोजन में आए हुए सभी लोगो का शुक्रिया अदा किया ।इस मौके पर शिया धर्मगुरु मौलाना नदीम रजा जैदी, नायब इमामे जुमा मौलाना जाफर, मौलाना जफर अब्बास कुममी, मुनीर आबिदी, अहमद जमीर सैफी, मिर्जा सादिक हुसैन, जमाल, सफी हैदर, वसी हैदर गुड्डू, पार्षद रिजवान हसनैन, जावेद अबीदी, परवेज हुसैन, कामिल हसनैन, मोरे, शाहिद, शादाब हुसैन राजन, आबाद, शमीम हैदर, इत्यादि लोग मौजूद थे।

पत्नी से मिलने की तम्मन्ना रह गयी अधूरी गला कटने से बच निकले युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ससुराल में गला कटने से इलाज के दौरान मौत को दाद देकर बच निकले युवक भानु प्रताप वर्मा उर्फ रवि की पत्नी से मिलने की आखिरी तमन्ना अधूरी रह गयी।मामा के घर रह रहे युवक ने आखिरकार पत्नी वियोग में शनिवार की देर सायं मौत को गले लगा फांसी के फंदे से झूल गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी।बताया गया कि घटना के समय परिजन गन्ना को बोझ बांधने को पुवाल का मुर्रा घर के बाहर बना रहे थे। तभी उसने मौका देख कमरे में दुपट्टे के सहारे छत के पंखे से फंदा लगा झूल गया और उसकी मौके पर मौत हो गयी।मृतक के मामा के परिजनों के अनुसार भानु प्रताप उर्फ रवि वर्मा अपने कमरे में रहता था। गला कटने के बाद से वह अवसाद में रह रहा था। ट्रामा सेंटर में नई जिंदगी पाकर सप्ताह भर पहले घर लौटे भानु के मामा अधिवक्ता मंशाराम वर्मा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराने को तारुन थाने गये थे।लेकिन मामला सुलझाने के प्रयास में लगे परिजन पुलिस में कोई शिकायत भानु के ससुरालीजनों के विरुद्ध नही दिया था।थानाध्यक्ष रतन सिंह ने बताया कि कुछ दिन की मोहलत मांग लोग घर वापस लौट गये थे। भानु प्रताप उर्फ रवि अपनी पत्नी अंजली से मिलने की जिद पर अड़ा था लेकिन ससुर बद्री प्रसाद ने मुलाकात नही कराई थी।पुलिस ने देर सायं लाश को कब्जे में लेकर लाश को पोस्टमार्टम को भेज दिया।अब सबकी निगाहें आगे की कार्यवाही पर टिकी है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में दर्ज 177 शिकायतों में 8 निस्तारित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रुदौली तहसील दिवस मे शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ।इस दौरान 177 शिकायतें दर्ज हुई जिनमें 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में हनुमान पुत्र धनीराम निवासी मोहल्ला सूफियाना रुदौली ने शिकायती पत्र देकर कहा उसकी आयु 14 वर्ष है उसकी माता का देहांत हो चुका है राममिलन पुत्र जग्गू निवासी पटरंगा ने उसके पिता को अपने वश में करके उनसे आराजी का बैनामा जागे की औरत सुनीता के हक में करवा लिया और आर्यावर्त बैंक शाखा पटरंगा मंडी में उसके पिता के नाम खाता खोलकर खुद नामनी हो गए जिसमें ध375000 जमा है। शिकायतकर्ता ने शिकायती पत्र में कहा है कि विपक्षी उसके पिता के खाते में जमा धनराशि को हड़प लेने पर आमादा।पीड़ित ने पिता की धनराशि दिलाने के लिए गुहार लगाई है।उपजिलाधिकारी स्वप्निल यादव ने कोतवाल रुदौली को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया।इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास,राशन कार्ड, पैमाइश, चकरोड़,विद्युत विभाग,पुलिस विभाग आदि से संबंधित शिकायतें दर्ज की गई। उपजिलाधिकारी स्वप्निल यादव ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में 177 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर विधायक राम चन्द्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी,उपजिलाधिकारी न्यायिक अनामिका श्रीवास्तव,तहसीलदार प्रज्ञा सिंह,नायब तहसीलदार अनूप श्रीवास्तव व वीरेन्द्र कुमार,कोतवाल देवेंद्र सिंह,वरिष्ठ उपनिरीक्षक आरसी यादव,सीडीपीओ रुदौली सिद्धिधात्री पांडे आदि मौजूद रहे।

अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान का स्थाई कार्यालय एवं अध्ययन केंद्र की स्थापना कार्यक्रम हुआ संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान का स्थाई कार्यालय एवं अध्ययन केंद्र की स्थापना देवकाली रोड स्थित ओमपुरम कालोनी में वर्ष 2023 में होगी।इस बात का फैसला संस्थान की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सलाम जाफरी तथा संचालन सेक्रेटरी विश्व प्रताप सिंह अंशू ने किया। संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने बैठक में प्रस्ताव किया कि उनके आवास का निचला हिस्सा संस्थान का स्थाई कार्यालय संचालित किया जाएगा। संस्थान के सदस्यों ने करतल ध्वनि से प्रस्ताव का समर्थन किया। बैठक में अध्ययन केंद्र तथा संस्थान के निर्माण में सहयोग का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि जनपद में काकोरी एक्शन के महानायक अशफाक की शहादत को अक्षुण्य बनाए रखने का सरकारी प्रयास नहीं किया जा रहा है। जबकि स्वतंत्रता आंदोलन में इस घटना का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि संस्थान का अध्ययन केंद्र सप्ताह में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर बाद 3बजे तक नियमित संचालित किया जाएगा। कोई भी जरुरतमंद व्यक्ति इस अवधि में अध्ययन कर सकता है। साहित्यिक गतिविधियां निरंतर चलाई जाएगी। बैठक में अनुज प्रधान, अब्दुल रहमान भोलू, विकास सोनकर, विक्रम निषाद, ऋषि ओम पाण्डेय, अमर यादव, मनीष पांडेय तथा अंकित पाण्डेय शिवम् आदि मौजूद रहे।

स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने जताया आक्रोश : कहा आर पार की लड़ाई लड़ेंगे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरितमानस की प्रतियां फाडे जाने को लेकर विभिन्न हिंदूवादी संगठनों सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा मऊ शिवाला स्थित पलिया शाहाबादी पंचायत भवन आहूत बैठक मैं स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा किए गए कृत पर आक्रोश व्यक्त करते हुए तत्काल उन पर दंडात्मक कार्यवाही किए जाने की मांग की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आचार्य राधेश्याम शास्त्री ने कहा कि भारतवर्ष में जितनी भी क्रांति क्रांति हुई है उस में भाग लेने वाले अनेक क्रांतिकारी ब्राह्मण वर्ग से थे स्वामी प्रसाद मौर्य अपने जहरीले बयानों से हिंदू समाज का विघटन कर रहे हैं,संचालन कर रहे बाबरी विध्वंस के आरोपी एवं शिवसेना प्रमुख संतोष दुबे ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य का कृत्य अक्षम्य है इसकी कठोर सजा स्वामी प्रसाद को मिलनी ही चाहिए बैठक की अध्यक्षता कर रहे आचार्य राधेश्याम शास्त्री ने कहा कि यह रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जो कि एक ब्राह्मण थे उनका अपमान है ब्राह्मण समाज गोस्वामी जी के अपमान को नहीं सहेगा। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य रक्तबीज राक्षस के समान है जिन्हें सद्बुद्धि देने के लिए हिंदू समाज को खड़ा होना पड़ेगा उनकी जहरीली विचारधारा की वजह से हिंदू समाज का विघटन हो रहा है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा गुलशन तिवारी ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य की मानसिकता जहरीली है इस पर तत्काल लगाम लगाए जाने की आवश्यकता है हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि शंकर पांडेय ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य के वक्तव्य पर राज्य सरकार का मौन साधना बेहद आश्चर्य प्रकट करता है। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध अनवरत आंदोलन चलाया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में देवरिया से पधारे दिग्विजय चौबे ने भी अपने विचार रखे। बैठक में प्रमुख रूप से सुनील पाठक शरद शुक्ला दिग्विजय, चौबे सचिन उपाध्याय, दिवाकर तिवारी, जितेंद्र मिश्र शिवपूजन पांडेय, उपेंद्र उपाध्याय संतोष कुमार शुक्ल अजय द्विवेदी विजय तिवारी रिकी चौबे, विनोद पांडे, राघवेंद्र तिवारी महंत रविंद्र पांडे, दिवाकर त्रिपाठी बृजेश दुबे मुकेश मिश्रा पंडित दुर्गेश पांडे गब्बर राजेंद्र मिश्र सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

अयोध्या में राम मंदिर तक जाने के लिए बनाए जाएंगे तीन भव्य पथ 300 करोड़ रुपये आएगी लागत

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या में राम मंदिर तक जाने के लिए तीन और भव्य पथ बनाए जाएंगे। इन्हें राम पथ, भक्ति और धर्म पथ के नाम से जाना जाएगा। ये मार्ग दो से आठ किमी तक लंबे होंगे। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है, जो शीघ्र ही कैबिनेट के सामने रखा जाएगा अयोध्या में रामलला का मंदिर अगले साल की शुरुआत में पूरा हो जाएगा। यहां हर साल देश–विदेश से लाखों श्रद्धालु आएंगे। रामलला की पूरी नगरी ही पूरे भव्य स्वरूप में दिखे, इसके लिए सरकार वहां ढांचागत सुविधाओं को बढ़ा रही है इसी के तहत अयोध्या के अंदर मुख्य मार्ग से श्रीराम मंदिर तक जाने के लिए तीन पथ बनाने का फैसला किया गया है। पहले इस योजना पर धर्मार्थ कार्य विभाग काम कर रहा था, लेकिन अब इसे पीडब्ल्यूडी को दिया गया है। ये पथ फोरलेन होंगे। इनमें से प्रत्येक पथ की चौड़ाई न्यूनतम 14 मीटर होगी। अयोध्या के अंदर इतनी चौड़ी सड़क बनाने के लिए जमीन अधिग्रहीत करनी होगी। इसलिए इन सड़कों की अनुमानित लागत 300 करोड़ रुपये आंकी गई है। शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, जमीन अधिग्रहीत किए जाने की वजह से लागत अधिक होने के कारण इन पथों के निर्माण के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाना होगा। इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं।

सचलदल ने एक परीक्षार्थी को अनुचित साधन का प्रयोग करते पकड़ा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय स्नातक सेमेस्टर की दोनों पालियों की परीक्षा में शनिवार को 46 हजार 692 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 995 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की बीएसएसी परीक्षा में 26 हजार 951 परीक्षार्थियों में से 790 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। वही सचलदल द्वारा बहराइच जनपद के शिवांश सुशील महाविद्यालय, सोनपारा में एक छात्र को अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़ा गया। द्वितीय पाली की परीक्षा में 19 हजार 741 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 205 अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि स्नातक बीएसएसी प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा विश्वविद्यालय के सात जनपदों के परीक्षा केन्द्रों पर हुई। दोनो पालियों की परीक्षा में कुल 46 हजार 692 परीक्षार्थियों में से 995 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में सचलदल ने एक छात्र को नकल करते हुए पकड़ा। प्रथम पाली व द्वितीय पाली में बाट्नी विषय के प्रश्न–पत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई। इसके अलावा सचलदल ने विभिन्न केन्द्रों औचक निरीक्षण किया। सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण होते हुए पाई गई।

देवा में इंटर के छात्र छात्राओं की भावभीनी विदाई

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शिक्षा, संस्कृति और संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी देवा इंटर कॉलेज, उसरू–अमौना अयोध्या में इंटरमीडिएट के छात्र छात्राओं हेतु परिषदीय परीक्षा से पहले विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधक सहदेव उपाध्याय, प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा, कोऑर्डिनेटर पूर्णिमा पांडे व सीता सरन मिश्रा ने सभी छात्र छात्राओं के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना की तथा विद्यालय प्रबंधक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को दिशा प्रदान की। सदैव प्रगति पथ पर अग्रसर रहने के आशीर्वाद के साथ प्रधानाचार्या ने कार्यक्रम का आगाज किया। कक्षा 11 के छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को भव्यता प्रदान की। छात्रा आकांक्षा पांडे ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। छात्रा आकांक्षा शर्मा, जानवी सिंह, बबिता, गरिमा पाल व दिव्यांशी सिंह ने विभिन्न गानों पर नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा। छात्रा यशी मिश्रा वत्स ने अपनी कविता ''अलविदा कर रहे हैं नम आंखों से आपको, आपने ही स्कूल को जन्नत बनाया था द्वारा सभी छात्र छात्राओं को भावुक कर दिया। शिक्षक सीता शरण मिश्रा व घनश्याम यादव ने परीक्षा संबंधी उचित दिशा निर्देश देते हुए भविष्य की चुनौतियों से निपटने के मंत्र दिए। इंटर के छात्र–छात्राओं के लिए मिस्टर व मिस फेयरवेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णायक मंडल द्वारा कक्षा 12ए के शिवम पांडे तथा 12सी की सौम्या शुक्ला क्रमशः मिस्टर व मिस फेयरवेल चुने गए। प्रधानाचार्या ने विजेताओं को टाइटल टैग पहनाए व विद्यालय प्रबंधक ने उपहार देकर सम्मानित किया। पूरे शैक्षिक सत्र में अर्जित उपलब्धियों के लिए मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। समारोह के दौरान विभिन्न खेलों का आयोजन भी किया गया। छात्रा रिया पांडेय, अरनव दूबे तथा मोहम्मद साद ने विजेता बन उपहार प्राप्त किए। कक्षा12 के छात्र छात्राओं ने अपनी खट्टी मीठी यादें सभी संग साझा की। सभी छात्र छात्राओं को खान–पान–सम्मान के साथ स्मृति चिह्न भेंट किए गए। विद्यालय प्रबंधक ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय शिक्षा का केंद्र ही नहीं आपके घर जैसा है। आज कक्षा से विदाई हो रही है परंतु यह विद्यालय सदैव आपका स्वागत करने के लिए तत्पर रहेगा। आज मुस्कुराते हुए जाइए व कल अदम्य ऊंचाइयों को प्राप्त कर विद्यालय आइए। हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम का संचालन कोऑर्डिनेटर पूर्णिमा पांडे के नेतृत्व में किया गया। शिक्षक घनश्याम यादव, कमलेश श्रीवास्तव, सुमन दुबे व दिव्या तिवारी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर कक्षा 11 के सभी छात्र छात्राएं तथा शिक्षक भी उपस्थित रहे।

हर घर जल योजना की भेंट चढ रही हैं गांव की सड़कें

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) हर घर जल योजना के अंतर्गत सोहावल में जल सप्लाई के लिए गांव में होने वाली खुदाई से गांव की सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो रही हैं।जिसकी शिकायत सोखावां में आयोजित गांव की चौपाल में खंड विकास अधिकारी सोहावल मोनिका पाठक से ग्रामीणों ने की है। शिकायतकर्ता रामसूरत शर्मा जगन्नाथ पाण्डेय सुरेश पाण्डेय ने कहा हर घर जल नल योजना काबिले तारीफ है। लेकिन इसके लिए हो रही विभागीय खुदाई गांव की सड़कों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़कें खुदाई से खंडहर बनती चली जा रही है। ग्रामीणों की शिकायतों को सुनने के बाद मोनिका पाठक ने कहा आपकी शिकायत को जिला अधिकारी अयोध्या को ठेकेदार के प्रति कार्यवाही के लिए पत्राचार किया जाएगा। चौपाल में आए बबलू ने कहा छुट्टा मवेशी खड़ी फसल को चट कर रहे हैं। जिस पर पाठक ने ग्राम विकास अधिकारी स्नेह लता को निर्देशित करते हुए कहा ग्रामीणों की मदद से जल्द से जल्द छुट्टा मवेशियों को गोशाला पहुंचाएं। चौपाल में एपीओ प्रदीप पांडे ग्राम प्रधान गीता चौरसिया प्रतिनिधि देवनाथ चौरसिया बीएलओ विनोद कुमार पंचायत सहायक सरिता चौरसिया प्रकाश नारायण पांडे आदि सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।